पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री

कई मुद्दों पर हुई चर्चा

लखनऊः 18 दिसम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज मुख्यमंत्री, श्री अखिलेश यादव ने भेंट की तथा विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श भी किया।

मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को आश्वासन दिया कि वाराणसी की नागरिक सुविधायें जैसे सीवेज, पेयजल, उपरिगामी सेतु (ओवरब्रिज) आदि का विकास किया जायेगा। इस अवसर पर वाराणसी के महापौर श्री राम गोपाल मोहले भी उपस्थित थे।

श्री नाईक ने पूर्व मुलाकात में कुष्ठ पीड़ितों के पुनर्वास एवं समस्याओं के विषय पर जानकारी की जिसके संबंध में मुख्यमंत्री ने बताया कि कार्रवाई हो रही है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश दिवस मनाये जाने के साथ चैधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के कुलपति एवं कुलसचिव विवाद पर भी चर्चा हुयी।